छत्तीसगढ़ भू–संपदा विनियामक प्राधिकरण रायपुर

आदेश पत्रिका

क्रमांक – 300 प्रकरण क्रमांक– **M-PRO-2025-02929**

आवेदक : श्री यशवंत कुमार थावेट, पिता–श्री गजानंद थावेट, पता–करबला रोड, जूना, जिला–बिलासपुर (छ.ग.) **विरूद्ध** मेसर्स श्री महालक्ष्मी कन्स्ट्रक्शन एण्ड इंटीरियल डिजाइन, द्वारा–प्रोपराईटर–श्री यशुदास मानिकपुरी, पता–वार्ड नं.–11, गड़रिया पारा, सोनाडीह, जिला–बलौदाबाजार–भाटापारा (छ.ग.)

आदेश कार्यवाही की तारीख व स्थान	आदेश अथवा कार्यवाही	पक्षकार अथवा प्रतिनिधि के हस्ताक्षर
11/07/2025	– प्रकरण प्रस्तुत। – आवेदक पक्षकारगण स्वतः उपस्थित। – अनावेदक कोई उपस्थित नहीं। नोटिस "Not Known" टिपांकित कर अदम तामिल प्राप्त होकर प्रकरण में संलग्न ह। आवेदकगण को सुना गया। आवेदकगण द्वारा अपने मकान का पुर्ननिर्माण कराने हेतु अनावेदक को राशि भुगतान किया गया है। किन्तु अनावेदक द्वारा निर्माण कार्य नहीं किया गया। अनावेदक से राशि वापस दिलाने के संबंध में शिकायत प्रस्तुत किया गया। आवेदक आबंटिती नहीं है और अनावेदक प्रमोटर नहीं है। आवेदकगण का शिकायत किसी कॉलोनी से संबंधित नहीं है। इस प्रकार के प्रकरण में सुनवाई का क्षेत्राधिकार प्राधिकरण को नहीं है। सक्षम प्राधिकारी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत कर वांछित अनुतोष प्राप्त कर सकते है। अतः आवेदकगण का आवेदन खारिज किया गया। प्रकरण नस्तीबद्ध कर अभिलेख कोष्ठ दाखिल किया जावे। सही/– (धनंजय देवांगन) सदस्य सही/– (संजय शुक्ला) अध्यक्ष	